आकाशवाणी केन्द्र शिमला
29.11.2025/प्रादेशिक समाचार/11.00 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने कांगड़ा जिला को राज्य की पर्यटन राजधानी घोषित किया है जिसके दृष्टिगत क्षेत्र में अनेक पर्यटन परियोजनाओं को साकार रूप दिया जा रहा है। धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र की तंगरोटी पंचायत में कल सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के तहत जनशिकायतें सुनने के दौरान मुख्यमंत्री ने यह बात कहीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार के लिए चार सौ 60 करोड़ रुपए जारी किए हैं और इसका कार्य प्रगति पर है।

*कांगड़ा जिला की लैंड एक्यूिजिशन के लिए हमने 460 करोड़ रुपये खर्च कर दिए है अगले चार पांच अगले 4–5 महीनों में पूरे कांगड़ा की लैड एक्वायर को हम जल्दी पूरा कर लेंगे औरजहां जहां भी एयरपोर्ट बड़ा बनाना चाहिए टूरिजम की दृष्टि से, और जिस एयरपोर्ट बड़ा बन जाएगा उस दिन आपकी जमीन की कीमत तीन गुना हो जाएगी।*

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 30 नवबंर को सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देशवासियों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 128वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी व दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क और आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट पर इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा।

पेंशन

प्रदेश उच्च न्यायालय ने सरकार को एच.आर.टी.सी पेंशनरों की पेंशन की अदायगी करने के आदेश जारी करते हुए कहा है कि अगली सुनवाई से पहले एच.आर.टी.सी पेंशनरों को उनकी बकाया पेंशन हर स्थिति में जारी की जाए। एच.आर.टी.सी पेंशनर्स समस्या समाधान मंच की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान न्यायालय ने एच. आर.टी.सी और सरकार को नोटिस जारी कर 19 दिसम्बर से पहले जवाब दायर करने को कहा है। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता मनदीप चंदेल ने दलील दी कि नियमों के अनुसार पेंशन हर महीने की पहली तारीख को मिलनी चाहिए, लेकिन कई महीनों से पेंशन में हो रही देरी से पेंशनरों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

*कोर्ट ने एचआरटी को जवाब फाइल करने के साथ–साथ बिफोर थे नेक्स्ट डेट ऑफ़ हियरिंग जो 90जी ऑफ़ दिसंबर है उससे पहले पहले आप इसमें इनको उनकी पेंशन रिलीज कॉरपोरेशन 1974 के अंदर बनी इसमें जो हमारे हिमाचल प्रदेश ट्रांसपोर्ट कुल्लू मंडी जो स्टेशन थी उनके जो जब मर्ज किया गया उसमें लिखा है कि उनका जो भी पेंशन दी जाएगी स पर सीसीएस पेंशन रूल के हिसाब से ही दी जाएगी और जब एचटीसी ने पेंशन स्कीम को भी अडॉप्ट किया 1995 के अंदर स्टेट गवर्नमेंट एम्पलाई ही दिए जाएं*

मुख्य सचिव

मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने अधिकारियों को सर्दियों के मौसम में बर्फबारी और बारिश से निपटने के लिए सभी प्रबंध तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। धर्मशाला में एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने संबंधित विभागों से भारी बर्फबारी की स्थिति में किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने और चिन्हित स्थानों पर बर्फ हटाने के लिए पर्याप्त मशीनरी व श्रमशक्ति तैनात करने को कहा, ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। मुख्य सचिव ने आपात स्थिति में समयबद्ध प्रतिक्रिया पर बल देते हुए संबंधित विभागों से राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा जारी किए गए दिशा–निर्देशों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए, ताकि जान–माल का नुकसान न हो।

इफ्फी– समापन

गोवा में आयोजित 56वां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव–इफ्फी कल एक शानदार अंदाज में संपन्न हो गया। प्रसिद्ध अभिनेता रजनीकांत को सिनेमा में उनके 50 वर्षों के योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। भारतीय फिल्म उद्योग जगत ने इस वर्ष दिवंगत हुए धर्मेंद्र, कामिनी कौशल, सुलक्षणा पंडित और सतीश शाह को उनके योगदान के लिए याद किया। केंद्रीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने कहा कि भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव –इफ्फी महिलाओं और युवा रचनाकारों को सशक्त बनाने में सफल रहा है।

निरीक्षण

शिमला के भट्टाकुफर चौक में जमीन धंसने की घटना का निरीक्षण करने के लिए जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की टीम ने कल शाम मौके का निरीक्षण किया। यह टीम आज भी स्थानीय प्रशासन के साथ फिर से घटनास्थल का निरीक्षण करेगी। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बताया कि जिला प्रशासन ने पत्र लिख कर जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया को इस घटना के बारे में सूचना दी थी और निरीक्षण करने के आग्रह किया था।

————————